## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान पर लगाया तालिबानी आतंकियों का साथ देने का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान के उपराष्ट्रपति अमरुल्ला सालेह ने ट्वीट कर पाकिस्तान पर तालिबानी आतंकियों का साथ देने के आरोप लगया है। अमरुल्ला सालेह ने ट्विटर पर लिखा कि 20 से अधिक वर्षों तक पाकिस्तान ने क्वेटा शूरा के अस्तित्व या अपनी धरती पर तालिबानी आतंकवादी नेताओं की मौजूदगी से इनकार किया। पाकिस्तान के इस प्रतिरूप से परिचित अफगान या विदेशी सभी ठीक से जान लें कि इनकार का बयान जारी करना सिर्फ एक पूर्व–लिखित पैराग्राफ है। पाकिस्तानी वायु सेना ने अफगान बलों को तालिबान के खिलाफ कार्रवाही को लेकर चेतावनी दी है। अफगानिस्तान उप राष्ट्रपति अमरुल्ला सालेह ने कल कहा था कि पाकिस्तान वायु सेना ने अफगान सेना और वायु सेना को एक आधिकारिक चेतावनी जारी की है कि स्पिन बोल्डक क्षेत्र से तालिबान को हटाने के किसी भी कदम का पाकिस्तान वायु सेना द्वारा सामना किया जाएगा और उसे खदेड़ दिया जाएगा।

### UAE में खुली भारतीय नाविक की किस्मत, जीता 7.45 करोड़ रुपये का लकी ड्रॉ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। संयुक्त अरब अमीरात के एक लकी ड्रॉ में एक भारतीय नाविक की किस्मत उस वक्त बदल गई जब उसने ने 7.45 करोड़ रुपये की राशि जीत ली। मीडिया में बृहस्पतिवार को आई खबर से यह जानकारी मिली। गल्फ न्यूज की खबर के मुताबिक महाराष्ट्र के ठाणे के निवासी गणेश शिंदे (36) ने यहां पहुंचने से पहले 16 जून को आधिकारिक दुबई ड्यूटी फ्री मिलेनियम मिलेनियर और फाइनेस्ट सरप्राइज ड्रॉ वेबसाइट से जैकपॉट टिकट खरीदा था। शिंदे ब्राजील की एक कंपनी के लिए नाविक का काम करते हैं और वह दुबई और रियो डी जिनरियो के बीच आते–जाते रहते हैं और दुबई में इसके लिए ट्रांजिट ठहराव है। यहां आने पर उन्हें पता चला कि वह यह जैकपॉट जीत गए हैं। उन्होंने गल्फ न्यूज को बताया, यह अविश्वसनीय है।

### सीमा नंदा अमेरिकी श्रम विभाग की सॉलीसिटर बनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी संसद ने भारतीय अमेरिकी नागरिक अधिकारों की वकील सीमा नंदा को श्रम विभाग का सॉलीसिटर चुना है। 48 वर्षीय सीमा नंदा की नियुक्ति सीनेट में 53–46 वोटों से हुई है। वह ओबामा प्रशासन में श्रम विभाग में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी की वह सीईओ भी रह चुकी हैं। कांग्रेशियल एशियन पैसेफिक काकस की अध्यक्ष जूडी च्यू ने सीनेट के मतदान पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि वह श्रम विभाग के सॉलीसिटर के पद पर सीमा नंदा के चुनाव के लिए वह उन्हें बधाई देती हैं। उन्होंने कहा कि भले ही यह कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा हो, पर्यावरण परिवर्तन से बढ़ता तापमान हो या फिर कुछ और कर्मचारियों को हर दिन नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

### अफ्रीका, म्यांमार और इंडोनेशिया में आक्सीजन की कमी के चलते हालात हुए खराब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। कई देशों में कोरोना महामारी को लेकर हालात काफी चिंताजनक होते जा रहे हैं। इंडोनेशिया और म्ध्यांमार में तो आक्ध्सीजन की किल्ध्लत होने की वजह से हालात और अधिक खराब हो गए हैं। इन दोनों ही जगहों पर आक्ध्सीजन का सिलेंडर रिफिल करवाने और इसनको लेने वालों की लंबी लाइनें लगी हैं। इस तरह के हालात कुछ माह पहले भारत में दिखाई दे रहे थे। हालांकि, भारत में अब महामारी की दूसरी लहर पर काबू पा लिया गया है। हालांकि यहा पर अब तीसरी लहर आने की आशंका जताई जा रही है। भारत की बात करें तो यहां पर पिछले 24 घंटों के दौरान 38949 मामले सामने आए हैं। जिन देशों में बढ़ते कोरोना के मामले की वजह से सरकार को परेशानी में डाल दिया है उनमें ब्रिटेन और अमेरिका भी शामिल हैं। संगठन का कहना है कि अफ्रीका में हाल के कुछ सप्ताह में कोरोना से होने वाली मौतें 40 फीसद तक बढ़ गई हैं।

# भारतीय फोटोजर्नलिस्ट दानिश सिद्दीकी ने तालिबान के हमले में गंवाई जान

**संवेदना**

## रिपोर्टिंग के लिए मिला था पत्रकारिता का सबसे बड़ा पुलित्जर पुरस्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान के हमले में पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित फोटो जर्नलिस्ट दानिश सिद्दीकी की मौत हो गई। टोलो न्यूज ने इस बारे में जानकारी दी है। दानिश अफगानिस्तान के स्पिन बोलदाक जिले में अफगान स्पेशल फोर्सेज के साथ थे और न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के लिए रिपोर्टिंग कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व की कई स्टोरीज की थीं।

दानिश ने भारत में जामिया मीलिया इस्लामिया में अपनी पढ़ाई पूरी की थी। उनके निधन पर भारत में अफगानिस्तान के राजदूत फरीद मामुंजे ने ट्वीट किया– कंधार में दोस्त दानिश सिद्दीकी की मौत की खबर से बहुत दुखी हूं...दो हफ्ते पहले उनके काबुल जाने से पहले मैं उनसे मिला था। उनके परिवार और रॉयटर्स के लिए संवेदना है।

**रोहिंग्या संकट की रिपोर्टिंग के लिए पुरस्कारः** साल 2018 में दानिश





को उनके साथ अदनान अबीदी के साथ रोहिंग्या शरणार्थी संकट पर फीचर फटॉग्रफी के लिए पुलित्जर सम्मान मिला था। अफगानिस्तान से पहले वह इराक की जंग, हॉन्क–कॉन्ग में विरोध प्रदर्शन और नेपाल के भूकंप जैसी खबरों पर भी बेहतरीन रिपोर्टिंग कर चुके थे। हाल ही में वह कंधार में रिपोर्टिंग कर रहे थे जहां अफगानिस्तान और तालिबान के बीच तनाव गहराने लगा था।

कुछ दिन पहले भी दानिश एक हमले का शिकार हुए थे जब उनकी और सुरक्षाबलों की गाड़ी पर 3 RPG राउंड दागे गए थे। उन्होंने ट्वीट कर अपने सुरक्षित होने की जानकारी भी दी थी और उन पर बरसाए गए रॉकेट की तस्वीर भी दिखाई थी।

**मिशन पर जुट गए दानिशः** बीती 13 जुलाई को दानिश ने ट्वीट किया– 'अफगान स्पेशल फोर्सेज, इलीट फाइटर देश की अलग–अलग फ्रंटलाइट पर तैनात हैं। मैं इन युवाओं के साथ कुछ मिशन्स के लिए आया हूं।' आगे उन्होंने बताया कि सारा दिन एक कॉम्बैट मिशन में जूझने के बाद कंधार में एक रेस्क्यू मिशन के दौरान क्या हुआ। दानिश ने लिखा– '(इनका) मकसद एक जख्मी पुलिसकर्मी को कंधार शहर के बाहरी इलाके में तालिबान घुसपैठियों के चंगुल से सुरक्षित निकालना था जो 18 घंटे से कैद थे। उन्होंने आगे बताया कि अब तक उन्हें भी बढ़ते तनाव का एहसास होने लगा था। अफगान सेना को तालिबान के हमले की आशंका थी और उनकी गाड़ी पर लगातार मशीनगन से गोलियां बरसाई जा रही थीं लेकिन अभी और कुछ होना भी बाकी था।

**तालिबान ने किया हमलाः** जहां से पुलिसकर्मी को छुड़ाना था, उस जगह पर पहुंचते ही अफगान सेना और दानिश को ले जा रही भ्नउअमम पर रॉकेट से ग्रेनेड बरसने लगे। दानिश ने लिखा है, 'तालिबान रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड्स और दूसरे भारी हथियार इस काफिले के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा था जिसमें 3 भ्नउअमम तबाह हो गईं। तेजी से घूमती इन गाड़ियों के ऊपर गनर बैठे थे और वे संदिग्ध तालिबान लड़ाकों को निशाना बनाकर गोली चला रहे थे लेकिन उन्हें देख पाना मुश्किल था।'

## अफ्रीका में तबाही की राह पर महामारी की तीसरी लहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डाका। यूरोप, अमेरिका और एशिया में भयानक तबाही मचाने के बाद अब कोरोना वायरस अफ्रीका में विकराल रूप ले रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक यहां एक हफ्ते में कोरोना से मरने वालों की संख्या में 43 प्रतिशत इजाफा हुआ है। अफ्रीकी महाद्वीप के कई देशों में इन्फेक्शन के मामले और अस्पताल में भर्ती किए जा रहे मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इन हालात के बीच ऑक्सिजन और ICU बेड्स की कमी भी पड़ने लगी है।

अफ्रीका में मृत्युदर 2.6 प्रतिशत पहुंच गई है जो औसतन वैश्वक दर से 0.4 प्रतिशत ज्यादा है। WHO के लिए अफ्रीका की क्षेत्रीय निदेशक मात्सीदीशो मोइती का कहना है कि अफ्रीका की तीसरी लहर विनाश के रास्ते पर है। यहां मामले 60 लाख से ज्यादा हो गए हैं।

अफ्रीका के 21 देशों में डेल्टा वेरियंट तेजी से फैल रहा है जिसका यह असर है। सबसे ज्यादा खराब हालात नामीबिया, दक्षिण अफ्रीका, ट्यूनीशिया, युगांडा और जांबिया में हैं। WHO अफ्रीका का कहना है कि लॉकडाउन का पालन नहीं कर पाने के कारण यहां मामले और भी ज्यादा तेजी से बढ़े हैं। सिर्फ एक महीने में 10 लाख मामले सामने आए जबकि 40 से 50 लाख जाने में तीन महीने लगे थे।



## जर्मनी में बाढ़ ने धरा रौद्र रूप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शुल्ड। जर्मनी के पश्चिमी इलाके में भीषण बाढ़ में मरने वालों का आंकड़ा 80 से अधिक हो चुका है। शुक्रवार को बताए गए आंकड़ों के अनुसार अब तक 81 लोगों की जान जा चुकी है और 1000 से अधिक लोग लापता हैं। फेसबुक पर अहरवेलियर के जिला प्रशासन ने बताया कि करीब 1300 लोग बाढ़ में लापता हैं। प्रभावित इलाकों में मोबाइल फोन नेटवर्क काम नहीं कर रहा इसका मतलब है क परिजन व मित्र अपने करीबियों का पता नहीं लगा सकते। शुक्रवार सुबह कोलोन के नजदीक ही कई मकान ढह गए राहतकर्मी लोगों को बचाने में जुटे हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि अब भी कई मकानों में लोग हैं ।

# मिशन अफगानिस्तान पर निकले भारतीय विदेश मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल। करीब 20 साल के लंबे अंतराल के बाद अफगानिस्तान एक बार से तालिबान आतंकियों के क्रूर शासन की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। तालिबान का दावा है कि उन्होंने देश के 85 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर लिया है। अफगानिस्तान में तालिबान राज फिर से लाने के लिए पाकिस्तान ने भी अपनी पूरी ताकत लगा दी है। महासंकट की इस घड़ी में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर भी ऐक्शन में आ गए हैं।

जयशंकर लगातार ईरान से लेकर रूस तक की यात्रा कर रहे हैं। इस बीच सामरिक हलके में यह चर्चा जोर पकड़ रही है

### रूस से लेकर अमेरिकी प्रतिनिधि तक की मुलाकात

क्या तालिबान–पाकिस्तान की नापाक चाल को फेल करने के लिए भारत अफगानिस्तान में अपनी सेना को भेजेगा?

मिशन अफगानिस्तान को फतह करने के लिए भारतीय विदेश मंत्री ने सबसे पहले कतर से इसकी शुरुआत की। पश्चिम एशियाई देश कतर वही जगह है जहां पर अमेरिका और तालिबान के बीच शांति समझौता हुआ था। इसके बाद जयशंकर ईरान, रूस, ताजिकिस्तान और अब उज्बेकिस्तान पहुंचे हैं। ताशकंद में भारतीय विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी से मुलाकात कर युद्धग्रस्त देश से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद वहां तेजी से बिगड़ रही स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने अफगानिस्तान में शांति, स्थिरता और विकास के प्रति भारत का समर्थन दोहराया। यह मुलाकात बहुपक्षीय कनेक्टिविटी सम्मेलन से इतर हुई। भारतीय विदेश मंत्री ने ट्वीट किया, 'राष्ट्रपति अशरफ गनी से मुलाकात कर प्रसन्न हूं। अफगानिस्तान के भीतर और आसपास मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। अफगानिस्तान में शांति, स्थिरता और विकास के प्रति समर्थन दोहराया।' भारतीय विदेश मंत्री ने अमेरिका के अफगानिस्तान में विशेष प्रतिनिधि जाल्मई खलीलजाद के साथ भी मुलाकात की।

## पीओके में इमरान खान के करीबी नेताओं को जनता ने घेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुजफ्फराबाद। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चल रह चुनाव प्रचार के बीच एक मजेदार वाकया सामने आया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी दो मंत्री मुराद सईद और बड़बोले नेता अली अमीन खान इन दिनों पीओके में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार को हट्टियन बाला इलाके में चुनाव प्रचार के दौरान कुछ लोगों ने उनके काफिले पर हमला कर दिया और उसे घेर लिया। मंत्री अली अमीन इतने ज्यादा घबरा गए कि उन्होंने जान बचाने के लिए पिस्टल से हवा में फायरिंग करना शुरू कर दिया। कश्मीर और गिलगित–बाल्टिस्तान मामलों के मंत्री अली अमीन गंदापुर की फायरिंग के बाद किसी तरह से लोगों ने रास्ता खोला और उनके काफिले को जाने दिया। पाकिस्तानी पीएम ने एक असमान्य कदम उठाते हुए पिछले दिनों अली अमीन को पीओके में होने वाले चुनाव के दौरान अपनी पार्टी पीटीआई की ओर से चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है।